जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

01 मार्च 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया में नेचुरल बिल्डिंग टेक्निक्स पर दो दिवसीय हैंड्स-ऑन कार्यशाला का आयोजन

विकसित भारत अभियान के क्रम में वास्तुकला विभाग द्वारा 28-29 फरवरी 2024 को "नेचुरल बिल्डिंग टेक्निक्स" पर दो दिवसीय "हैंड्स-ऑन कार्यशाला" की मेजबानी की गई। पहले दिन के उद्घाटन सत्र में डीन- प्रो. हिना ज़िया, विभागाध्यक्ष- प्रो. क़मर इरशाद और संकाय समन्वयक आर्कि. मो. जियाउद्दीन एवं आर्कि. मो. फ़िरोज़ अनवर और आर्किटेक्चर के छात्रों ने भाग लिया। इसके बाद मुख्य वक्ता-आर्कि. श्रेया श्रीवास्तव (प्रिंसिपल आर्किटेक्ट, स्टूडियो शून्य, ग्रेटर नोएडा) द्वारा मड आर्किटेक्चर और डिजाइन तकनीकों पर एक व्यावहारिक और भागीदारी सत्र आयोजित किया गया। पहले दिन के दूसरे सत्र में संकाय भवन की बैकसाइड छात्रों द्वारा एक सीओबी बेंच बनाने का हैंड्स-ऑन कार्य शामिल था।

कार्यशाला के दूसरे दिन, संकाय सदस्यों के साथ 54 छात्रों ने स्टूडियो शून्य के ग्रेटर नोएडा स्थित कार्यालय का दौरा किया, जो पूरी तरह से मड आर्किटेक्चर में निर्मित है। साइट पर दो सत्रों में निर्माण प्रक्रिया की 30 मिनट की वीडियो डॉक्यूमेंट्री और बाद में आर्कि. श्रेया द्वारा कार्यालय भवन का निर्देशित दौरा शामिल था, जिन्होंने निर्माण प्रक्रिया के तत्वों, तकनीकों और चुनौतियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

दो दिवसीय कार्यशाला वैकल्पिक निर्माण सामग्री और तकनीकों पर छात्रों के लिए एक अत्यंत व्यावहारिक, गहन और समृद्ध अनुभव थी और यह वास्तुकला में सतत प्रथाओं से सीखने की नई दिशाओं का मार्ग प्रशस्त करेगी।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया